हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 5 जुलाई 2024

11 विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों ने अलग-अलग ...



12 डंपर चालक व मालिकों ने कांटे रखे बंद, आंदोलन ...



## खबर संक्षेप

### गांव सांवड़ में परिवार मिलन समारोह 6 को

**चरखी दादरी।** गांव संवाड में 6 जुलाई को परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हरियाणा भूमि सुधार एवं विकास विभाग के मैनेजिंग डायरेक्टर सुनील डूडीवाला शिरकत करेंगे। 6 जुलाई को शाम 4 बजे से होने वाले समारोह में समाज के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। वीरवार को गांव हिंडोल, लांबा, कोहलावास, झींझर, मिसरी, बौंद आदि गांवों का दौरा किया और समारोह का निमंत्रण दिया।

### आईटीआई भिवानी में रोजगार मेला 12 को

**भिवानी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भिवानी के प्रांगण में 12 जुलाई को प्रातः 9 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में सभी टेक्निकल व्यवसायों से आईटीआई पास विद्यार्थी अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं । राजकीय आईटीआई भिवानी के प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने बताया कि इस रोजगार मेले में कैरियर ग्लोबल प्राइवेट लि. व वीवीडीएन टेक्नोलॉजी लि. मानेसर भाग लेंगी।

### हरियाणा रिटायर्ड कर्मचारी संगठन की बैठक कल

**चरखी दादरी।** 6 जुलाई शनिवार को कस्बा बाढ़ड़ा की नई अनाज मंडी परिसर में हरियाणा रिटायर्ड कर्मचारी संगठन की खंड स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक होगी। जिला प्रेस प्रवक्ता छतर सिंह छिल्लर ने बताया कि बैठक सुबह 9 बजे होगी और बैठक की अध्यक्षता खंड प्रधान पन्नी सिंह डालावास करेंगे। प्रदेश कार्यकारिणी चेयरमैन जलकरण बल्हारा शिकरत करेंगे।

### पुरस्कार के लिए करें 15 सितंबर तक आवेदन

**भिवानी।** गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों नामतः पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री के लिए गृह मंत्रालय की ओर से ऑनलाइन नामांकन करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसके लिए अंतिम तिथि 15 सितंबर, 2024 है। नामांकन अथवा अनुशंसा केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल अवार्ड जीओवीइन पर ऑनलाइन स्वीकार की जाएंगी। व्यक्ति व्याख्यात्मक प्रशस्ति.पत्र अधिकतम 800 शब्द भी जिसमें अनुशंसित व्यक्ति की संबंधित क्षेत्रध्विषय में विशिष्ट और अनन्य उपलब्धियों व सेवाओं का स्पष्ट उल्लेख हो।

# पुलिस के अभियान का दिखा असर, जिले में तीन गांव नशामुक्त

- गांव रुपाणा धूलकोट व खेड़ा के निवासियों ने नशा मुक्त गांव की शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

आखिर पुलिस के नशा मुक्ति अभियान का असर दिखना शुरू हो गया। पुलिस के अभियान व ग्रामीणों के सहयोग से जिले के तीन गांवों में को पूर्णतय नशामुक्त गांव घोषित किया गया है। इसके लिए पुलिस ने लगातार अभियान चलाकर ग्रामीणों को नशे से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया और उसके नुकसानों के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है। गांव के मौजिज लोगों व पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से आज तीनों गांवों को नशा मुक्त गांव घोषित किया गया है।




भिवानी। पुलिस अधिकारियों के साथ नशामुक्त गांव के ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### युवाओं का मिला सहयोग

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर आईपीएस के द्वारा प्रदेश में शहर व गांव में नशे के ऊपर लगाम लगाते हुए आम नागरिक व युवाओं को इसके दुष्प्रभाव से दूर रखने व युवाओं को खेल से जोड़ने व सामाजिक दायित्वों का निर्माण करने के लिए पुलिस के द्वारा एक विशेष अभियान चलाया गया था। पुलिस अधीक्षक भिवानी वरुण सिंगला आईपीएस ने जिले के सभी प्रबंधक थाना को निर्देश दिए थे कि उनके थाना में पड़ने वाले गांव व वार्ड में सामाजिक संस्थान व गणमान्य व्यक्तियों के साथ मिलकर उनके क्षेत्र में मादक पदार्थ की बिक्री वह इसके प्रयोग पर पूर्णता अंकुश लगाने वह पुलिस को सहयोग करके अपने क्षेत्र को नशा मुक्त घोषित करवाने के प्रयास किए जाएं। जो इसी क्रम में डीएसपी आर्यन चौधरी के नेतृत्व में गांव रुपाणा, धूलकोट व खेड़ा के ग्रामीण व गणमान्य व्यक्तियों के साथ मिलकर तीनों गांव को नशा मुक्त गांव घोषित करवाने में सफलता हासिल की है।

### सहयोग के आश्वासन पर मिली कामयाबी

पुलिस के इस अभियान के बाद तीनों गांव के ग्रामीणों ने अपने अपने स्तर पर गांव में मौजिज लोगों की पंचायत बुलाई और उसमें गांव में किसी तरह के नशा की बिक्री पर पूरी तरह से बंदिश लगाए जाने का प्रस्ताव रखा। जिन पर इन गांवों के लोगों ने अपनी सहमति जता दी। साथ ही मौजिज लोगों ने पुलिस को भरोसा दिलाया कि वे गांव में किसी तरह का कोई नशा नहीं बिकने देंगे। वैसे इस कार्य में गांव के युवाओं का पूरा सहयोग भी है, लेकिन उसके बावजूद गांव में कोई नशा बिक्री करने की सूचना मिली तो तत्काल पुलिस को सूचित करने का भी आश्वासन दिया। ग्रामीणों के इस सहयोग के लिए पुलिस प्रशासन ही नहीं, बल्कि ग्रामीणों में भी जबरदस्त खुशी की । पुलिस की तरफ से भरोसा दिलाया गया कि अगर इस तरह की कोई सूचना मिलती है तो वे तत्काल कार्रवाई करेगी।

## शिविर में 71 ने किया रक्तदान



**लोहारू।** लाइफ सेवर्स ग्रुप द्वारा उपमंडल के गांव ढिगावा में 40वां रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 71 युवाओं ने रक्तदान कर समर्पण भावना का परिचय दिया। लाइफ सेवर्स ट्रस्ट के फाउंडर रवि मित्तल ने बताया कि थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए उनके संगठन द्वारा समय समय पर रक्तदान शिविर आयोजित करवाए जाते हैं। रवि मित्तल के जन्मदिन के मौके पर आयोजित इस रक्तदान शिविर में 72 युवाओं ने रक्तदान किया। रवि मित्तल ने कहा कि जन्मदिन, वर्षगांठ और पुण्यतिथि के साथ साथ जीवन के खास मौकों व महापुरुषों के जन्मदिन व पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन कर हम उस दिन को यादगार दिन बना सकते हैं। शिविर में भरत सिंह, ललित, रमलू जांगड़ा, प्रवीण गोठवाल सहित अनेक युवाओं ने रक्तदान किया। इस मौके पर रक्तदाताओं को सम्मानित भी किया।

# 15 मिनट की बारिश ने खोली सफाई व्यवस्था की पोल, घरों में घुसा पानी

## आसमान से किसानों के लिए बरसी राहत,शहरवासियों के लिए बनी आफत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

वीरवार सुबह 15 मिनट की बारिश ने शहर को पानी पानी कर दिया। आसमान से जमकर बदरा बरसें। हालांकि सुबह सवेरे किसानों के लिए आसमान से राहत बरसी,लेकिन तेज बारिश के चलते शहर में अनेक जगहों पर जलभराव की वजह से समस्या बनी रही। यहां तक बारिश के पानी की निकासी न होने के चलते पानी नालों में बहने की बजाए घरों में घुस गया। कई जगहों पर लोगों ने बारिश के पानी से बचने के लिए चारपाई का सहारा लिया। बाद में पम्प चलाए जाने के बाद शहर का पानी कम हआ। शाम को पूरे शहर का पानी निकल गया,लेकिन जितने वक्त पानी जमा रहा। उस वक्त तक लोगों को अच्छी खासी परेशानी उठानी पड़ी।

दूसरी तरफ बारिश किसानों के लिए सोने से कम नहीं है। क्योंकि इस वक्त किसानों के खेतों में खरीफ की फसलों की बिजाई की हुई और कुछ किसान बारिश होने के बाद धान की फसलों की रोपाई में जुटे है। अब उक्त समय में हुई बारिश किसानों के लिए सोने से कम नहीं है। सुबह सवेरे कुछ लोगों की तो नींद भी नहीं खुली थी कि आसमान से जबरदस्त पानी गिरा। करीब 15 मिनट की बारिश से शहर के अनेक जगहों पर जलभराव की स्थिति बन गई। सबसे ज्यादा खराब स्थिति ढलान वाले इलाकों में बनी। शिवनगर कॉलोनी में एक फुट तक सड़कों पर पानी जमा हो गया। पानी की निकासी न होने की वजह से अनेक घरों में आधा फुट तक पानी जमा हो गया। हालांकि पानी की निकासी के लिए लगाए गए पम्प चलने के आधा घंटे बाद पानी का स्तर डाऊन होने लगा था,लेकिन जितने वक्त तक पानी जमा रहा उतने वक्त लोगों को अच्छी खासी परेशानी रही। जिन इलाकों की सीवर व्यवस्था लचर रही। उन इलाकों में तो बारिश के पानी के साथ साथ सीवर का पानी भी जमा रहा। जिसके चलते लोगों को उसी पानी से होकर गंत्तव्य पहुंचना पड़ा। यही स्थिति कस्बों व ग्रामीण इलाकों में बनी। वहां पर जलभराव के चलते लोगों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ा।







### कटों ने बढाई परेशानी

हालांकि अधिकांश डिस्पोजल पर पब्लिक हेल्थ विभाग ने पहले से ही जरनेटर आदि की व्यवस्था की हुई थी,लेकिन उसके बाद भी बिजली के पम्पसेटों पर ज्यादा निर्भर दिखे। बारिश के तुंरत बाद डिस्पोजलों पर रखे पम्पसेट को चालू कर दिया गया,लेकिन इस दौरान कई इलाकों में फाल्ट के चलते बिजली की सप्लाई अटक गई। जिसके चलते देरी से पम्पसेट चलाए गए। बिजली के कटों के चलते पानी की निकासी में दोपहर बाद तक पम्पसेट चलते रहे। पानी की निकासी होने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली।

### धान रोपाई ने पकड़ी गति

जिले में तेज बारिश की वजह से किसानों के चेहरे खिल उठे है। क्योंकि इस वक्त किसानों के खेतों में कपास की फसलों की बिजाई की हुई है। उन फसलों में अब सिंचाई की बेहद सख्त जरूरत थी। बारिश होने से फसलों की सिंचाई की पूर्ति हो गई। दूसरी तरफ तेज बारिश के चलते अब धान की रोपाई ने गति पकड़ ली है। क्योंकि अब खेतों में पर्याप्त नमी है। नमी की वजह से अब किसान आराम से धान की पौधों की रौपाई करवा सकते है। आज जो बारिश हुई है। वह किसानों के लिए सोने से कम नहीं है।

## वाहनों पर नाम लिखवाने वाले 20 चालकों के काटे चालान



भिवानी। वाहनों के चालान काटती यातायात पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

यातायात पुलिस भिवानी ने एक स्पेशल अभियान वाहनों पर अपने जाति, पद और अन्य सिंबल लगाने वालो के खिलाफ चलाया। इस अभियान के तहत यातायात पुलिस भिवानी ने करीब 230 वाहन चैक किए गए और चेकिंग के दोरान 20 वाहनों के चालान किए गए। प्रबंधक थाना यातायात ने बताया कि आप अपने वाहन पर स्टीकर व पर्दा टाइप स्टीकर नहीं लगा सकते।

इस प्रकार के पर्दा की तरह अपारदर्शी जाली और सिंबल लगाने पर दिखाई न देने की वजह से आपके वाहन का ऐक्सिडेंट का खतरा बना रहता है। प्रबंध थाना यातायात ने बताया की अपने वाहनों पर अपनी जाति, अपने पद या अन्य जैसे की सरपंच, मेम्बर, प्रधान आदि लिखवाना मोटर वाहन अधिनियम के तहत गैर कानूनी है इसलिए इस परकार के वाहनों के चालान किए जा रहे हैं। यह अभियान यातायात पुलिस भिवानी के द्वारा अभी लगातार चलाया जायेगा। सभी वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के अन्य नियमो के संबंध में भी जागरूक किया गया।

## जिला स्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप 13 और 14 को विजेताओं में से चुनी जाएगी राज्य स्तरीय टीमः गुप्ता



**चरखी दादरी।** समर कैंप के बाद भी उत्साह के साथ खिलाड़ी जिला स्तरीय स्पर्धा के लिए जुटे हैं, ये खेल के लिए काफी सकारात्मक है। रोजाना हीरा इंडोर बैडमिंटन स्टेडियम में दर्जनों की तादात में खिलाड़ी बड़ी स्पर्धा के लिए पसीना बहा रहे है। ये बात दादरी जिला बैडमिंटन एसोसिएशन प्रधान पंकज जैन ने स्टेडियम में अभ्यास कर रहे खिलाडियों का हौंसला अफजाई करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हरियाणा बैडमिंटन एसोसिएशन के निर्देशानुसार जिला स्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप आगामी 13 व 14 जुलाई को होगी। हीरा इंडोर स्टेडियम में होने वाली चैंपियनशिप को लेकर पूरे जिले के बैडमिंटन खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह है। महासचिव लोकेश गुप्ता व कोषाध्यक्ष मनीष जांगड़ा ने बताया कि लगातार आठ साल से दो दिवसीय स्पर्धा करवाई जा रही हैं, जिसमें दादरी जिला बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा पूरे जिले में खेल को बढ़ावा देने तथा युवाओं के हुनर को बड़े लेवल पर प्रदर्शन करने का अवसर दिया जाएगा। विजेता रहने वाली टीम स्टेट लेवल पर दादरी जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।

# मुख्यमंत्री के उड़नदस्ते ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

सीएम फ्लाइंग द्वारा आज गुरुवार को मत्स्य पालन विभाग के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान टीम द्वारा कार्यालय के वर्ष 2023.24 के अनुदान और ऋण से सम्बंधित सभी कागजात बारीकी से जांचे गए। टीम के निरीक्षण की खबर के बाद कर्मचारियों में हड़कम्प मच गया।

हालांकि इस दौरान टीम को कोई भी खामी नहीं मिली,लेकिन उसके बावजूद भी कर्मचारियों में हड़कम्प की स्थिति बनी रही। इस बारे में जानकारी देते हुए जिला मत्स्य पालन अधिकारी ने बताया कि टीम को हस्ताक्षर समेत कागजात दिखाए गए तथा सरकारी योजनाओं सम्बंधित रिकॉर्ड और किसानों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण का भुगतान 200 रुपये डीबीटी के माध्यम से किया जाता है, इस बारे में भी टीम को जानकारी दी।उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की कार्यलय में अनियमितता नहीं पाई गई व सभी कर्मचारी व अधिकारी मौजूद थे।



## किसानों ने नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**लोहारू।** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर गुरूवार को शहीद महावीर किसान भवन में किसानों की पंचायत का आयोजन किया, जिसमें किसानों ने सरकार के कथित शामलात भूमि को हड़पने संबंधित कार्यप्रणाली सहित अनेक किसानहित के मुद्दों पर चर्चा की। बाद में किसानों ने अपनी मांगों को लेकर नायब तहसीलदार संजय पाराशर को ज्ञापन सौंपा। भाकियू के ब्लाक प्रधान रविंद्र कस्वां की अध्यक्षता में आयोजित पंचायत में किसानों ने सरकार की जनविरोधी नीतियों की जमकर आलोचना की। भाकियू जिला प्रधान मेवासिंह आर्य आजाद भूंगला, रवींद्र कस्वां व मंदरूप नेहरा ने बताया कि मनोहरलाल सरकार ने किसानों की श्यामलाल भूमि को देने का असफल प्रयास किया था तथा अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी किसानों की श्यामलात भूमि हड़पने का फरमान जारी कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि संविधान और जनता किसी भी राजनीतिक पार्टी और सरकार की बापौती नहीं है। गांव गांव जाकर इकाइयां गठित करेंगे और सरकार के समानांतर वैकल्पिक किसान सरकार का गठन करेंगे।

# मनीष वर्मा ने 59वीं बार किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

जरूरतमंद मरीजों को रक्त मुहैया करवाकर उनका जीवन बचाने के उद्देश्य से वंशिका फांडेशन व स्वर्णकार सेवा परिषद द्वारा गुरुवार को चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल स्थित रक्तकोष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रक्तवीर मनीष वर्मा ने 59वीं बार सहित 40 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर का आयोजन शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा व ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. मोनिका सांगवान की अगुवाई में किया।

शिविर आयोजक आरती सोनी ने बताया कि रक्तदान शिविर शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा के जीजा मनोज चोपड़ा की पुण्यतिथि व रक्तवीर मनीष वर्मा के पिता अत्तर सिंह सोनी खेड़ीवाले की स्मृति में आयोजित किया। डुडेजा व आरती ने कहा कि कि रक्तदान करने से कमजोरी नहीं आती, बल्कि नए रक्त का निर्माण होता है, जो रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है तथा व्यक्ति का स्वास्थ्य और बेहतर बनाता है। इस मौके पर अधिवक्ता प्रदीप वशिष्ठ, नगर पालिका बवानीखेड़ा के चैयरमेन रमेश काजला,पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्रवाल, मनीष वर्मा, प्रवीण दुल्हेड़ी, महेंद्र इंदौरा, अभिषेक राव, जगबीर सिंह, बीबन कुमार, रविदत्त ने भी रक्तदान किया।



भिवानी। रक्तदाताओं को सम्मानित करते अतिथि।

## 2023 में कपास व अन्य फसलों के खराबे के बीमा क्लेम को लेकर बिफरे धरतीपुत्र

# ट्यूबवेल कनेक्शनों की मांग को लेकर किसानों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहल

अखिल भारतीय किसान सभा के आह्वान पर गुरुवार को तहसील कार्यालय बहल पर लंबित ट्यूबवेल केनेक्शन की मांग, बिजली ट्रांसफॉर्मरों की खराबी पर किसानों से 20ः राशि की उगाही, ढाणियों में घरेलू बिजली की आपूर्ति तथा वर्ष 2023 के कपास व अन्य फसलों के खराबा का बीमा क्लेम की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया।

धरने की अध्यक्षता सुबेदार धनपत सिंह प्रधान बहल ने की तथा संचालन सचिव मंदरुप यादव नूनसर ने किया । धरने को संबोधित करते हुए किसान सभा भिवानी के जिला प्रधान रामफल देशवाल कहा कि हरियाणा भर क्लस्टर 2 व 3 के 15 जिलों, जिनमें भिवानी भी शामिल है, अभी तक किसी बीमा कंपनी को अधिकृत नहीं किया गया है, जिसके कारण किसानों का फसल बीमा नहीं हो रहा है तथा उनकी आंधी.तूफान से बर्बाद हुई कपास की भरपाई के लिए कोई जिम्मेदार नहीं है। । विदित हो कि बीमा कंपनियां किसानों से प्रीमियम कपास बुआई के समय अप्रैल से लेती हैं तथा बीमा प्रीमियम 31 जुलाई को काटती हैं, 6 महीनों की फसल का सिर्फ 2 महीने में फसल खराबा का उत्तरदायित्व लेती हैं, यह सभी सरकार की मिलीभगत से होता है। किसानों की वर्तमान में मारी गई कपास की भरपाई के लिए ना तो सरकार तथा ना ही बीमा कंपनियां जिम्मेदारी लेती हैं।



उक्त मांगों को लेकर तहसील कार्यालय बहल पर आज 4 जुलाई को धरना.प्रदर्शन किया। उक्त मांगों का ज्ञापन उप तहसीलदार बहल व उप मंडल अधिकारी, दहबिविनि बहल की मार्फत उच्च अधिकारियों को भेजा।

### ये रहे मौजूद

धरने में बलबीर सिंह ठाकन, रामचंद फोजी, रोहतास फोजी, धर्मपाल लंबरदार, माईराम, मीरसिंह सांगवान, धूपसिंह, ज्ञानीराम, अनूप, मास्टर राजकुमार, सतबीर, श्रीचंद, रामसिंह, रामकुमार, महीपाल, विज्ञान, अशोक मान, महाबीर पुनिंया, माईराम, आजाद आदि उपस्थित रहे।

## पीने के पानी की जगह सप्लाई हुआ झागनुमा पानी वार्डवासियों का फूटा गुस्सा, रोड जाम के दिए संकेत



**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के वार्ड 12 में पीने के पानी की जगह झागनुमा पानी सप्लाई आने से वार्डवासी बिफर पड़े और विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर रोष प्रदर्शन किया और दो दिनों में रोड़ जाम के संकेत दिए। वहीं कनिष्ठ अभियंता से संपर्क नहीं हो सका। वार्डवासियों में जोनी, अजीत, धर्मेन्द्र, वजीर, राजू, सत्यवान, लीलू,मंगलू आदि ने बताया कि उनके वार्ड में काफी दिनों के बाद पानी आया और जब पानी आया तो बर्तन में पानी के साथ झाग बननी शुरू हो गई। पानी इतना बदबूदार था कि घर के सभी सदस्य गली में एकत्रित हो गए और पानी की सप्लाई को बंद कर दिया क्योंकि पानी प्रयोग करने लायक नहीं था। वार्डवासियों ने पानी का टैंकर खरीदकर टंकियों में डाला और बताया कि विभाग के कर्मचारियों व अधिकारियों को बताया है लेकिन वे फोन काट देते हैं जबकि सरकार ने उन्हें जनता की सेवा के लिए नियुक्त किया हुआ है। वार्डवासियों ने रोषित होकर वार्डवासियों ने रोष प्रदर्शन कर नारेबाजी की व उपायुक्त कार्यालय कूच करने व रोड जाम करने के संकेत दिए। वहीं जब विभाग के कनिष्ट अभियंता सचिन कौशिक से बातचीत करनी चाही तो उनसे संपर्क नहीं हो सका।

स्पेशल: वर्ल्ड चॉकलेट-डे, 7 जुलाई

# यमी चॉकलेट
## बड़ी टेस्टी है कहानी



बच्चों, चॉकलेट खाने में तो तुम्हें बहुत मजा आता होगा, है ना! क्या तुम जानते हो, इसको सबसे पहले कहां, कब और कैसे बनाया गया था? नहीं पता तो कोई बात नहीं। वर्ल्ड चॉकलेट-डे के अवसर पर हम तुम्हें इन सबके बारे में यहां बता रहे हैं। साथ ही दुनिया की सबसे बड़ी चॉकलेट और चॉकलेट म्यूजियम के बारे में भी जानो।

रोचक जानकारी / शिखर चंद जैन

चॉकलेट खाना तो हर किसी को पसंद होता है। बच्चे तो इसे खूब मजे लेकर खाते हैं। चॉकलेट खाने में जितनी यमी होती है, उतनी ही दिलचस्प इससे जुड़ी बातें भी हैं। तो जानो चॉकलेट से जुड़ी कुछ रोचक बातें-

### अमेरिका में हुई शुरुआत

चॉकलेट बनाने की शुरुआत अमेरिका से मानी जाती है। शुरुआती दौर में यहां के लोग चॉकलेट निर्माण में यूज होने वाले कोकोआ-सीड्स को 'गॉड गिफ्ट' मानते थे। वे इसे एक तीखे एनर्जी ड्रिंक की तरह मसालों, कॉर्न सूप आदि के साथ इस्तेमाल करते थे। बीसवीं सदी तक आते-आते अमेरिकी सैनिक युद्ध के मैदान में फास्ट फूड की तरह इसका सेवन करने लगे।

### करेंसी के रूप में कोकोआ बींस

बच्चों, तुम्हें जानकर अचरज होगा कि चॉकलेट बनाने के लिए जिन कोकोआ-बींस का इस्तेमाल किया जाता है, इन बींस को प्राचीन माया सभ्यता के लोग करेंसी (मुद्रा यानी रुपए-पैसे के तौर पर) के रूप में इस्तेमाल करते थे। कहते हैं, उन दिनों इसकी कीमत सोने से भी ज्यादा हुआ करती थी। इसका कारण यह था कि कोकोआ की खेती पर प्रतिबंध था और यह आसानी से उपलब्ध नहीं होता था।

### ऐसे बनती है चॉकलेट

चॉकलेट, कोकोआ बींस से बनती है। इसकी एक बीन यानी फली में 25 से 50 तक बीज होते हैं। चॉकलेट बनाने के लिए इन बीजों और फली के सफेद पल्प को लकड़ी के कंटेनर में पांच-सात दिनों के लिए बंद कर देते हैं। फिर बीजों को सुखाकर रोस्ट करते हैं, जिससे इनके छिलके अलग हो जाते हैं। इन बीजों से पेस्ट बनाते हैं। पेस्ट में मौजूद कोकोआ बटर को हाइड्रॉलिक प्रेशर से अलग किया जाता है। बचे हुए पेस्ट में चीनी, मिल्क पावडर और फ्लेवर मिलाकर चॉकलेट बनाते हैं। यहां यह भी बता दें कि दुनिया भर में उपजने वाले कोकोआ का 66 फीसदी हिस्सा पश्चिमी अफ्रीका में पैदा होता है। अकेले आइवरी कॉस्ट में पूरी दुनिया का 33-34 फीसदी कोकोआ का उत्पादन होता है।

### इंट्रेस्टिंग चॉकलेटी फैक्ट्स



**फिल्म के लिए बनाई चॉकलेट की नदी:** वर्ष 1971 में एक फिल्म 'विली वोनका एंड चॉकलेट फैक्ट्री' की शूटिंग के लिए चॉकलेट की नदी बना दी गई थी। इसके लिए 15 हजार गैलन पानी में चॉकलेट और क्रीम को मिलाया गया था।

**चॉकलेट इंटीरियर वाला घर:** वर्ष 2013 में बेलारूस के मिंस्क में रहने वाली एलीना क्लीमेंट ने एक ऐसा अनूठा घर बनाया, जिसमें मौजूद हर चीज चॉकलेट से बनी हुई थी। 600 किलो चॉकलेट की मदद से बने इस 20 वर्ग मीटर के कमरे में टेबल-चेयर, ड्रॉअर, फायर प्लेस, फ्लावरपॉट आदि सब कुछ चॉकलेट से ही बनाया गया था। इसे बनाने में ढाई महीने लगे। प्रदर्शन के बाद ये सभी चॉकलेटी सामान दर्शकों-ग्राहकों को चखाए गए।

**सबसे बड़ी चॉकलेट:** ब्रिटेन की एक चॉकलेट कंपनी ने साल 2011 में अपनी स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में दुनिया की सबसे बड़ी चॉकलेट का निर्माण किया था। इस चॉकलेट का वजन 5792.50 किलोग्राम था।



### चॉकलेट लवर हैं यूरोपियन

यूं तो दुनिया के हर देश में चॉकलेट खाने के शौकीन होते हैं, लेकिन यूरोप के लोग इसको कुछ ज्यादा ही पसंद करते हैं। 'इंटरनेशनल कोको ऑर्गेनाइजेशन' के अनुसार दुनिया की आधी चॉकलेट सिर्फ यूरोपियन खा जाते हैं। इसके मुताबिक एक ब्रिटिश, स्विस या जर्मन नागरिक साल में लगभग 11 किलो चॉकलेट खा लेता है।

### दुनिया की सबसे महंगी चॉकलेट

पिछले वर्ष पुर्तगाल के ऑबिदुश शहर में आयोजित इंटरनेशनल चॉकलेट फेस्टिवल में दुनिया की अब तक की सबसे महंगी चॉकलेट 'ग्लोरियस' प्रदर्शित की गई। इस चॉकलेट की कीमत 7728 यूरो यानी लगभग 6,20,863 रुपए थी। रिपोर्ट के अनुसार 24 कैरेट गोल्ड प्लेटेड इस चॉकलेट के निर्माण में केसर, सफेद ट्रफल, मेडागास्कर के खास वनीला का यूज किया गया। 'ग्लोरियस' की पैकेजिंग भी बेहद खास थी। इस पर हजारों स्वरोस्की क्रिस्टल और मोती भी लगाए गए थे। *

### अनोखा चॉकलेट म्यूजियम




बच्चों, न्यूयॉर्क (अमेरिका) में एक चॉकलेट म्यूजियम भी है। उसका नाम है- चॉको स्टोरी। अनोखे तरह के इस म्यूजियम को खोलने का विचार जैक्स टोरेस को आया, जो पेशे से एक चॉकलेट मेकर हैं। म्यूजियम की खास बात यह है कि यहां जितनी भी चीजें बनी हुई हैं, वो सब चॉकलेट की ही बनी हुई हैं। तुम इस म्यूजियम में जिधर भी नजर घुमाओगे, तुम्हें सिर्फ और सिर्फ चॉकलेट ही नजर आएगा। म्यूजियम को देखने आने वाले लोगों को सबसे पहले यहां चॉकलेट खाने को भी दी जाती है। इसके अलावा यहां चॉकलेट के इतिहास के बारे में भी बताया जाता है। ऐसा एक और म्यूजियम जर्मनी के कोलोन शहर में भी मौजूद है, यहां भी चॉकलेट से जुड़ी रोचक जानकारियां दी जाती हैं।

कहानी / संदीप पांडे 'शिष्य'

तेजस को मैथ का सब्जेक्ट बिल्कुल पसंद नहीं था। मैथ्स के सवालों से वह डरता था। लेकिन मम्मी ने एक दिन कुछ ऐसे टिप्स दिए कि तेजस का मैथ को लेकर डर दूर हो गया।

# मेरी प्यारी मम्मी



आज तेजस बहुत परेशान था। वह बार-बार पानी पीता और कुछ सोचने लगता। उसे इस तरह परेशान देखकर मम्मी ने पूछा, 'तेजस, इतने परेशान क्यों दिख रहे हो?'

तेजस बोला, 'मम्मी, जब से मैं सेवंथ क्लास में आया हूं, मैथ्स का सब्जेक्ट कुछ समझ में नहीं आता। इस सब्जेक्ट में मेरा बिल्कुल भी मन नहीं लगता है। मैथ की किताब उठाते ही मैं बुरी तरह घबरा जाता हूं। मेरा मैथ का होमवर्क भी अधूरा रह जाता है। आजकल मुझे रात में सोने के बाद भी मैथ्स के ही डरावने सपने दिखाई देते हैं।' यह सब बताते हुए तेजस का चेहरा एकदम मुरझा-सा गया।

'बस इतनी सी बात!' मम्मी हौले से मुस्कुराईं और तेजस को समझाते हुए बोलीं, 'बेटा, स्कूल में जो भी सब्जेक्ट पढ़ने होते हैं, उनको लेकर हम सबकी रुचियां अलग-अलग होती हैं। अन्य सब्जेक्ट्स की तरह ही किसी को मैथ्स बहुत पसंद होती है, किसी को नहीं। लेकिन मैथ के सवालों से घबराकर इसे सॉल्व नहीं करना, इससे दूर भागना ठीक नहीं। बच्चों को अपने सिलेबस के सारे सब्जेक्ट्स पर ध्यान देना चाहिए। रुचि से पढ़ना चाहिए।'

तेजस ने पूछा, 'तो फिर मम्मी हमें क्या करना चाहिए?' 'बेटा, यह जो मैथ का सब्जेक्ट है, इसके लिए सबसे जरूरी है प्रैक्टिस। रेग्युलर प्रैक्टिस से मैथ्स के मुश्किल सवाल भी तुम आसानी से हल कर लोगे। अगर आज का टॉपिक या होम-वर्क कल पर टालते रहोगे तो मैथ्स तुम्हें और भी जटिल, बोझिल लगेगी। ये बातें मैथ्स ही नहीं हर, सब्जेक्ट पर लागू होती हैं।' मम्मी ने तेजस को प्यार से समझाया। तेजस मम्मी की बातें गौर से सुन रहा था। उन्होंने आगे समझाया, 'अब इसका आसान उपाय यह है कि सबसे पहले सरल और जल्दी से हल होने वाले सवाल किया करो। इससे तुम्हें एक खुशी मिलेगी, कॉन्फिडेंस भी बढ़ेगा कि तुमने सवाल हल कर लिया। एक जरूरी बात और सुनो, अगर कोई सवाल नहीं आ रहा हो, तो क्लास में टीचर से पूछने में बिल्कुल भी झिझक मत करो। तुम्हारे जो क्लासमेट्स मैथ्स में तेज हों, उनसे मदद लो। इसमें तुम्हें कभी कोई शर्म महसूस नहीं होनी चाहिए। आखिर वे तुम्हारे दोस्त हैं। अगर बार-बार हल करने पर कोई सवाल हल नहीं हो रहा तो कुछ देर कोई दूसरा सब्जेक्ट पढ़ लो फिर मैथ्स के सवाल हल करो, जरूर सफल होगे।'

'मम्मी, आपने तो मुझे काफी अच्छी सलाह दी है।' तेजस खुश होकर बोला। वह अब अपने-आप को बहुत ही हल्का महसूस कर रहा था।

'बेटा, पढ़ाई में एक और बात जान लो, किसी टफ सब्जेक्ट को ईजी बनाने में ग्रुप-स्टडी बहुत काम आती है। तुम्हें भी अपने दोस्तों के साथ ग्रुप-स्टडी करनी चाहिए। तुम अपने दोस्तों को घर बुला लो। मैं तुम लोगों के बढ़िया से नाश्ते-पानी का इंतजाम कर दूंगी। तुम सभी दोस्त नाश्ता भी करना और हंसते-खेलते मैथ्स के सवाल भी हल करना।' मम्मी ने सुझाव दिया।

'सचमुच मम्मी...!' तेजस हंसते हुए बोला।

'हां-हां बेटा, मैं भी जब तुम्हारी उम्र की थी तो यही करती थी। ग्रुप-स्टडी के दौरान हम एक-दूसरे की काफी मदद करते थे। इसमें हमें बहुत मजा आता था, पढ़ाई कभी भी बोझ नहीं लगती थी।' मम्मी ने बताया।

तेजस को मम्मी की सारी बातें समझ आ गई थीं। उसने तय किया कि वह मम्मी की बताई बातों को अमल में लाएगा। वह बहुत खुश था, क्योंकि उसके मन से मैथ्स का डर भाग चुका था। वह मम्मी के गले लगकर बोला, 'आप मेरी प्यारी मम्मी हो!' *

## जीके क्विज-111

1. भारतीय क्रिकेट टीम ने किस देश की टीम को हराकर टी-20 वर्ल्ड कप 2024 जीता?
2. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 600 छक्के लगाने वाले दुनिया के पहले क्रिकेटर कौन बने हैं?
3. हाल में लगातार दूसरी बार भारत के रक्षा मंत्री कौन बने हैं?
4. हर वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस कब मनाया जाता है?
5. ओलंपिक खेल कितने वर्षों के अंतराल पर आयोजित किए जाते हैं?
6. भारत के सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला जज कौन थीं?
7. 'भारत कोकिला' के नाम से किन्हें जाना जाता है?
8. दुनिया का सबसे छोटा महासागर कौन सा है?
9. ताज महल किस नदी के तट पर स्थित है?
10. अंतरिक्ष से आसमान का रंग कैसा दिखाई देता है?



**बच्चों, जीके क्विज-110 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-110 का उत्तर :** 1.ओम बिरला, 2.अजीत डोभाल, 3.दक्षिण कोरिया, 4.तेलंगाना, 5.अल्बर्ट आइंस्टाईन, 6.अमेजन वर्षा वन, 7.महाराष्ट्र, 8.जम्मू कश्मीर, 9.चंद्रमा, 10.सहारा

**जीके क्विज-110 का सही उत्तर देने वाले :** मिर्जा अमीन बेग-रतनपुर, कबीर-हिसार, शुभम-बिलासपुर, क्षमानिधि-बेमेतरा, पायल-ईमेल से, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी.ईशान-अहमदाबाद, नितिन-दुर्ग, सरबजीत-करनाल, अंजलि-कवर्धा, मानवी मधुकर-बिलासपुर, दिव्या-रोहतक, आदित्य-रायपुर

## हंसगुल्ले



**नव्या :** तुम शीशे के सामने बैठकर क्यों पढ़ती हो?
**नैंसी :** क्योंकि इसके दो फायदे हैं।
**नव्या :** क्या फायदे हैं?
**नैंसी :** साथ में पढ़ने के लिए कंपनी मिल जाती है और खुद पर नजर भी रहती है।

**-खुशबू, रायपुर**

**सोनू :** पता है, कल रात भर मुझे नींद नहीं आई।
**मोनू :** क्यों?
**सोनू :** मैं सपने देखता रहा कि मैं जाग रहा हूं।

**-प्रियांश, रोहतक**

टीचर : बच्चों, यमुना नदी कहां बहती है?
रोहन : सर, जमीन पर?
टीचर : मैप में बताओ, कहां बहती है?
रोहन : सर, मैप में नदी बहेगी तो मैप गीला नहीं हो जाएगा?

**-आर्यन, दुर्ग**

# कैसे होती है रिमझिम बारिश



इन दिनों हर जगह बारिश हो रही है। बच्चों को तो बारिश बहुत ज्यादा सुहाती है, क्योंकि उन्हें बारिश में भीगने और छप्पाक-छपाई खेलने का मौका मिलता है। लेकिन क्या तुम जानते हो कि बारिश क्यों और कैसे होती है, बारिश की बूंदें गोल क्यों होती हैं? जानो, बारिश से जुड़ी पूरी जानकारी।

नॉलेज-टॉक / अशोक जोशी

समीर आज जैसे ही स्कूल पहुंचा, एकाएक बारिश होने लगी। वह सोचने लगा, कल तक तो गर्मी थी, अचानक बादल कहां से आ गए और बारिश होने लगी? समीर समझ नहीं पा रहा था कि आखिर बारिश होती कैसे है? विज्ञान के पीरियड में जब श्रीवास्तव सर आए तो उसने बड़ी जिज्ञासा से पूछ ही लिया, 'सर, एक बात समझ में नहीं आती कि बारिश होती कैसे है?' श्रीवास्तव सर पहले मुस्कराए फिर बोले, 'समीर, तुमने बहुत अच्छा प्रश्न पूछा है। तुम्हारी तरह सभी बच्चों के दिमाग में यही प्रश्न उठ रहा होगा। क्यों बच्चों, क्या कहते हो?' 'हां सर, प्लीज हमें बरसात के बारे में बताएं।' बच्चे एक स्वर में बोले। श्रीवास्तव सर ने बताना शुरू किया, 'बच्चों, वर्षा ऋतु, पूरे वर्ष का वह समय होता है, जब किसी क्षेत्र में अधिकांश औसत वर्षा होती है। पूरे भारत में गर्मी के बाद वर्षा ऋतु की शुरुआत जुलाई में होती है और सितंबर तक चलती है। यह ऐसा मौसम है, जिसका अलग-अलग कारणों से लोगों को इंतजार रहता है।'

'लेकिन सर पानी तो जमीन पर होता है। वह आसमान में कैसे पहुंचता है?' समीर की वर्षा को लेकर जिज्ञासा बढ़ती जा रही थी। श्रीवास्तव सर आगे बोले, 'तुम्हारा सोचना स्वाभाविक है कि आखिर आसमान में पानी कैसे पहुंचता है? सुनो, जब सूरज की किरणें धरती पर पड़ती हैं तो यह धीरे-धीरे धरती और विभिन्न जल स्रोतों में उपस्थित पानी को गर्म करने लगती हैं। गर्म होने के कारण पानी के कण एक-दूसरे से दूर होने लगते हैं फिर ये कण वाष्प में बदल जाते हैं। यह वाष्प बिल्कुल हल्की होती है, इसलिए हवा के साथ धीरे-धीरे आसमान की ओर चली जाती है।' 'सर, यह भी बताइए ना कि बादल कैसे बनते हैं और इनसे बारिश कैसे होती है?' विवेक ने अगला सवाल किया। 'वेरी गुड, विवेक...!' श्रीवास्तव सर इस प्रश्न पर खुश हुए, उन्होंने बादल बनने और बारिश होने की प्रक्रिया भी समझाई, 'वास्तव में होता यह है कि प्रत्येक 165 मीटर की ऊंचाई पर औसतन 1 डिग्री सेल्सियस तापमान कम होने लगता है, जिसके कारण ऊपर उठने वाली भाप ठंडी होने लगती है। जब जलवाष्प के ये ठंडे छोटे-छोटे कण एक-दूसरे से मिलकर इकट्ठा होते हैं, तो उन्हें हम बादल कहते हैं। चूंकि ये कण बहुत ही हल्के होते हैं, इसलिए ये हवा में आसानी से उड़ने लगते हैं।' श्रीवास्तव सर ने आगे और भी जानकारी दी, 'बच्चों,जब वायुमंडल का तापमान ओसांक (ड्यू प्वॉइंट) से नीचे गिर जाता है, तब बादल के रूप में संघनित जलवाष्प पानी की बूंदों या ओलों के रूप में पृथ्वी पर गिरने लगता है। बादल के रूप में जमा पानी के इन कणों को जमीन पर गिरने के लिए आपस में मिलकर एक क्रिस्टल बनाना पड़ता है। बर्फ का क्रिस्टल बनाने के लिए इन्हें किसी ठोस चीज की आवश्यकता होती है, जो क्रिस्टल के आधार का काम कर सके। बारिश के लिए जंगल की आग, फैक्ट्री या चिमनी आदि से निकलने वाले धुंए से निर्मित छोटे-छोटे कण, रेत के छोटे कण, सूक्ष्मजीव और अंतरिक्ष से आने वाले छोटे उल्कापिंड भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।'

अब तक शांत बैठी संगीता ने भी अपनी गोल-गोल आंखें घुमाकर सवाल किया, 'सर, हमने गौर किया है कि बारिश की जो बूंदें आसमान से टपकती हैं, वे गोल होती हैं, ऐसा क्यों?' 'वाह संगीता! तुम तो बड़े ध्यान से बरसात की बूंदों को देखती हो।' सर हंसे और बोले, 'बच्चों, यह तो तुम जानते ही होगे कि पानी को जिस आकार के बरतन में डाल दें, वह उसके आकार में ही ढल जाता है। जहां तक बारिश के बूंदों की बात है तो 'सरफेस टेंशन' यानी पृष्ठ तनाव की वजह से गोल आकार की हो जाती हैं। ऊंचाई से गिरता हुआ कोई भी द्रव जैसे-जैसे पृथ्वी के पास आता है, वह छोटे-छोटे गोल बूंदों का रूप ले लेता है। गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र में सबसे न्यूनतम आकार गोलाकार होता है। बारिश की बूंदें जब स्वतंत्र होकर गिरती हैं, तो वह न्यूनतम आकार लेने का प्रयास करती हैं। इसलिए गिरती हुई बारिश की बूंदें जैसे-जैसे छोटी होती जाती हैं, गोलकार रूप लेने लगती हैं।' एक पल ठहर कर श्रीवास्तव सर ने बच्चों से पूछा,

'अब सबके समझ में आ गया ना कि बारिश कैसे होती है?'

'हां सर!' सभी बच्चे समवेत स्वर में जोर से बोले। उधर बाहर गड़गड़ाहट के साथ जोरदार बारिश शुरू हो गई थी। बच्चों का मन कर रहा था बाहर निकल कर बारिश में भीगें और छप्पाक-छपाई खेलें। *

कविता
आशा शर्मा




## बरखा के संग

काले बादल शोर मचाएं
उमड़-घुमड़ कर हमें बुलाएं
दिल करता सब भूल-भालकर
बरखा के संग नाचे गाएं।
इंद्रधनुष को घर ले आएं
रोलर कोस्टर उसे बनाएं
सतरंगी झूले पर चढ़कर
आसमान में पींग बढ़ाएं।
कागज की कश्ती बनवाएं
ताल-तलैया में तैराएं
कैनवास धरती को कर लें
फिर मनचाहे चित्र बनाएं।
गीली मिट्टी से सन जाएं
घमौरियों पर लेप लगाएं
सावन वाली डोकरिया को
अपने घर का पता बताएं।

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। इनमें 6 अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर खोजो।



उत्तर: 1.लड़की के बाल में लगे फूल की एक पंखुरी गायब है। 2.लड़की की दाहिनी हथेली के पीछे दिख रहे पहाड़ की आकृति अलग है। 3.लड़की के फ्रॉक के निचले हिस्से पर दो पीली पट्टियां हैं। 4.लड़की के बाएं हाथ के पीछे फूल वाला एक नन्हा पौधा दिख रहा है। 5.लड़की के बाईं तरफ फूल वाला एक पौधा कम है। 6. लड़की के फ्रॉक के ऊपरी हिस्से में एक रिबन कम है।

## सही मैचिंग करो

बच्चों, इस चित्र में सोनू (S), मोनू (M) और राजू (R) फिशिंग कर रहे हैं। उनके फिशिंग रॉड के धागे आपस में उलझ गए हैं। तुम चित्र को गौर से देखो और बताओ कि किसने कौन-सी मछली पकड़ी?




उत्तर: S-2, M-3, R-1

## गिनकर बताओ

बच्चों, यहां कई सारी बिल्लियों के चित्र दिए गए हैं। तुम गिनकर बताओ कि इस चित्र में कुल कितनी बिल्लियां दिख रही हैं?



उत्तर-12

## खबर संक्षेप

### भाजपा की प्रदेश स्तरीय बैठक आज

**भिवानी।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश स्तरीय बैठक 5 जुलाई को सांय साढ़े 4 बजे विद्या नगर स्थित सांस्कृतिक भवन में आयोजित होगी। बैठक में बतौर मुख्यअतिथि हरियाणा प्रभारी व विधानसभा प्रदेश चुनाव सह प्रभारी बिप्लव देव शिरकत करेंगे। इस दौरान उनके साथ संगठन महामंत्री सुरेंद्र पुनिया, वित्त मंत्री जेपी दलालए राज्य मंत्री विशंबर वाल्मीकि, भिवानी.महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद चौ. धर्मबीर सिंह व विधायक घनश्याम सर्राफ भी शिरकत करेंगे।

### विधवा महिलाओं के लिए सब्सिडी ऋण योजना शुरू

**भिवानी।** सरकार द्वारा नई योजना के तहत हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विशेष रूप से विधवाओं, तलाकशुदा और क़ानूनी रूप से अलग रहने वाली महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सुधार के लिए सब्सिडी ऋण योजना शुरू की है। वित्त वर्ष 2024.25 में तीन लाख रुपये तक का ऋण देने के लिए निगम ने 100 केसों का लक्ष्य रखा है। एडीसी हर्षित कुमार ने बताया कि बैंकों के माध्यम से विधावा महिलाओं को लाख रुपये तक का ऋण दिलवाने की व्यवस्था की।

प्रत्येक अध्यापक व विद्यार्थी ने एक-एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल की जिम्मेदारी ली

# विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों ने अलग-अलग किस्म के 225 पौधे किए रोपित



**चरखी दादरी।** पौधरोपण करते मुख्याध्यापक आनंद शर्मा, स्टाफ व विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

गांव जेवली स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में मुख्याध्यापक आनंद शर्मा ने यूथ एंड इको के तहत पौधरोपण अभियान का शुभारंभ पौधरोपण करके किया। विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों ने 225 किस्म के अमरूद, जामुन, अनार, शहतूत, पीपल, गुलमोहर, अमलताश, गुलाब, दालमोठ, इमली, कनेर, केसरिया गुलाब, बेलपत्र, शीशम आदि के फल, फूल व छायादार पौधे विद्यालय व आसपास में रोपित किए। प्रत्येक अध्यापक व विद्यार्थी ने एक एक पौधरोपित करते हुए उसकी देखभाल की जिम्मेदारी ली। शर्मा ने कहा कि पौधों से हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन, औषधि, फल, फूल छाया मिलती हैं और हजारों पक्षियों व पशुओं के ये प्राकृतिक आवास है, उन्हें भी चारा व भोजन मिलता है, इसलिए अधिक से अधिक पेड़ों का रोपण तथा संरक्षण करना चाहिए। इस दौरान बलवान सिंह, राजकुमार पीटीआई ,पवन कुमार, रमेश कुमार, सुनील जाखड , शिवकुमार, विजेंद्र सिंह, अमित कुमारी, मंजू बाला, मोनिका, शीला, संतोष वेदपाल, सुमित, आशिष, हिमांशु, आयुष, अंश, दीपांशु, अंकित, रितिका, प्रतिक्षा, गुंजन, रीतू आदि स्टाफ सदस्य व विद्यार्थियों का सहयोग रहा।

## पौधरोपण व संरक्षण पर बल देने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



पुलिस चौकी परिसर में पौधरोपण करते इंकलाब युवा मोर्चा के सदस्य व पुलिसकर्मी।

वातावरण में हो रहे लगातार बदलाव और बढ़ती हुई गर्मी को देखते हुए इंकलाब युवा मोर्चा के सदस्यों ने नई पहल की शुरूआत की। मोर्चा के सदस्यों ने साथियों को पौधरोपण, पोषण और पौधे संरक्षण पर बल देने को आह्वान किया। उन्होंने सार्वजनिक स्थलों पर पौधरोपण कर इस अभियान की शुरूआत की। मोर्चा के सदस्यों ने कोरोनाकाल को याद करते हुए कहा कि ऑक्सीजन की भारी कमी के चलते उस दौर में हमें पर्यावरण संरक्षण के बारे में सोचने पर विवश होना पड़ा। पिछले मौसम में अत्यधिक सर्दी व वर्तमान की अत्यधिक गर्मी संकेत दे रही है कि पर्यावरण के अनिश्चित बदलाव हम सबके लिए अत्यंत नुकसानदायक साबित होंगे।

### पर्यावरण संरक्षण व मानव जीवन के लिए पौधरोपण जरूरी : शर्मा



**तोशाम।** पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधें लगाना मानव जीवन में बहुत ही आवश्यक है। वृक्षों के बिना पर्यावरण संरक्षण असंभव है। उक्त शब्द भाजपा नेता एवं प्रसिद्ध समाजसेवी अनिल शर्मा ने वीरवार को गांव आलमपुर में त्रिवेणी रोपित करते हुए कहे। उन्होंने गांव आलमपुर स्थित बाबा गणपतनाथ के मंदिर में पहुंचकर बाबा गणपतनाथ के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं मंदिर में उपस्थित गांव के प्रबुद्धजनों का हालचाल जाना। उल्लेखनीय है कि आलमपुर निवासी संजय शर्मा के बेटे लोकेश शर्मा के जन्मदिन पर अनूठी पहल कर तीनों पीढ़ियों ने एक साथ मिलकर त्रिवेणी रोपित की। भाजपा नेता अनिल शर्मा ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि शिरकत कर लोकेश शर्मा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर सभी ने मिलकर त्रिवेणी रोपित की। शर्मा ने कहा कि त्रिवेणी कोई साधारण प्रकार के तीन वृक्ष नहीं, बल्कि इसका आध्यात्मिक महत्व है। त्रिवेणी को शास्त्रों में स्थायी यज्ञ की संज्ञा दी गई है, जहां त्रिवेणी लगी होती है वहां पर हर पल हर क्षण सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह चलता रहता है। इस अवसर पर सरपंच राजेंद्र श्योराण फौजी, ईश्वर शर्मा, धर्मवीर धनखड़, कुलदीप, मीनू शर्मा, जयसिंह फोगाट, राजबीर, सोमबीर जोगी, सरपंच पवन छपारिया, सुनील शर्मा, ओमप्रकाश, शुभम शर्मा, नवीन, सुनील सोनी आदि मौजूद थे।



त्रिवेणी रोपित करती हवलदार रेनुबाला व अन्य पर्यावरण प्रेमी। फोटो : हरिभूमि

## महिला मुख्य सिपाही ने जन्मदिन पर लगाई त्रिवेणी

हरिभूमि न्यूज : भिवानी

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करते हुए महिला पुलिस स्टेशन में कार्यरत मुख्य सिपाही रेनू बाला ने वीरवार को अपना जन्मदिन पर्यावरण को समर्पित कर मनाया। इस दौरान हवलदार पर्यावरण प्रहरी लोकराम नेहरा ने गुरूवार को गांव धनाना, महिला थाना, सेक्टर-13, ऑफिसर कॉलोनी में 11 त्रिवेणी रोपित की। महिला मुख्य सिपाही के जन्मदिन पर शंकर नर्सरी संचालक चंद्रमोहन व हवलदार लोकराम नेहरा ने उन्हें पौधें भेंट किए, जिन्हें महिला मुख्य सिपाही ने रोपित किया। इस मौके पर महिला थाना प्रबंधक ईस्पेक्टर प्रोमिला ने सभी महिला कर्मियों व प्रबुद्ध नागरिकों से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक पौधरोपण कर उनके संरक्षण की जिम्मेदारी लें, ताकि पर्यावरण के बिगड़ते संतुलन को काबू किया जा सकें। हमें अपने जन्मदिन या अन्य अवसर पर्यावरण को समर्पित करके मनाने चाहिए।

### वन विभाग खंड में लगाएगा एक लाख 30 हजार पौधे

**लोहारू।** एसडीएम के मार्गदर्शन में वन विभाग की क्षेत्रीय रेंज द्वारा चालू वित्त वर्ष में पौधारोपण का कार्य शुरू कर दिया गया है। वन विभाग तथा विभिन्न संस्थाओं व विभिन्न योजनाओं के तहत चालू सीजन में उपमंडल को हरा.भरा करने के लिए करने के लिए एक लाख 30 हजार से अधिक संख्या में पौधे लगाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। यह जानकारी देते हुए लोहारू के रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर ओमप्रकाश पिलानिया ने बताया कि लोहारू क्षेत्र की नहरोंए सडक़ों व पंचायती जमीन पर 53500 पौधे लगाए जाएंगे। जिसमें लोहारू अर्बन में लोहारू से अकबरपुर अकबरपुर रोड पर मियावा की पद्धति से दस हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। आरएफओ ने बताया कि आमजन के लिए सेरला नर्सरी से पौधगिरी स्कीम के तहत सभी सरकारी स्कूलों के कक्षा छटी से 12वीं तक के बच्चों की संख्या के अनुसार 14 हजार पौधे फ्री उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

# बीईओ ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा



बवानीखेड़ा। खंड शिक्षा अधिकारी आनंद शर्मा पौधारोपण करते हुए।

बवानी खेड़ा के वीर शहीद गुलाब सिंह पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेल प्रांगण में कार्यकारी खंड शिक्षा अधिकारी आनंद शर्मा ने पहुंचकर विद्यालय स्टाफ में प्रवक्ता हरदीप सिंह, संजय कुमार, कंचनलता, सविता, सुशीला, अनिता,जयभगवान, संग पौधारोपण किया।

उन्होंने दर्जनों पौधे लगाए और स्टाफ सहित बच्चों में काफी, मुस्कान, प्रिया, एकता, भारती के हाथों से भी पौधे रोपित करवाए। उन्होंने बताया कि पूरे खंड में पौधारोपण अभियान जारी किया गया है और स्टाफ व बच्चों द्वारा विद्यालय सहित सार्वजनिक स्थानों पर पौधे लगाए जा रहे हैं व जीयो टैगिंग की जा रही है। बच्चों द्वारा स्वयं पौधे लगाकर इसे खाद पानी देने का प्रण लिया जा रहा है। जिससे साफ जाहिर होता है कि ग्रीष्मकालीन सीजन में गर्मी ने हमें पर्यावरण की महता के बारे में बताया है।

### प्राचार्या ने स्टाफ संग लगाए दर्जनों पौधे

बवानीखेड़ा। राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि में प्राचार्या संतोष भाकर ने प्रवक्ता डॉ. नवीन कुमार,प्रवक्ता नवीन शास्त्री, नमिता, विनोद भोरिया, सोनू रानी, एबीआरसी राज कुमारी आदि संग मिलकर पौधारोपण किया और विद्यालय प्रांगण में दर्जनों प्रकार के दर्जनों पौधे लगाकर विद्यालय प्रांगण को हरा भरा किया। विद्यार्थियों ने पौधे गोद लेकर उनका पालन करने की जिम्मेदारी ली।

प्राचार्या संतोष भाकर ने बताया कि मानसूम सीजन में पौधे मिटटी से ज्यादा पकड़ करते हैं व मिट्टी भी उन्हें अपनी गोद में लेकर अपना मतत्व देती है जिससे वे जल्द ही पौधे से पेड़ बनकर पर्यावरण को सुरक्षित रखने का कार्य करते हैं।

# पर्यावरण को बचाने का लिया संकल्प

- समर कैंप के तीसरे दिन गांव घुसकानी के राजकीय उच्च विद्यालय में संकल्प कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



सरकार व शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जिला के गांव घुसकानी स्थित शहीद कैप्टन ओपी दलाल राजकीय उच्च विद्यालय में मनाए जा रहे समर कैंप के चौथे दिन फालसा इको क्लब द्वारा संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ना केवल विद्यार्थियों, बल्कि गुरुजनों ने भी पर्यावरण को बचाने की दिशा में अधिक से अधिक पौधारोपण करने का संकल्प लिया, ताकि भविष्य में पर्यावरण संकट से ना जूझना पड़े।

इस मौके पर फालसा इको क्लब के नोडल अधिकारी विनोद पिंकू पीटीआई ने कहा कि देश के युवाओं में बदलाव की क्षमता होती है। ऐसे में विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को और अधिक प्रदूषित होने से बचाने के लिए युवा वर्ग को प्रेरित करना भविष्य को पर्यावरण प्रदूषण से बचाने की नींव है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में विद्यार्थियों को ना केवल पौधारोपित करने, बल्कि परिजनों व आस.पड़ोस के लोगों को भी पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करने का संकल्प दिलवाया गया है। इस मौके पर मुख्याध्यापक कृष्ण कुमार ने बताया कि ऐसे कार्यक्त्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा सकता है ताकि वे अभी से ही इस दिशा में अपनी भूमिका निभा सकते है।

### शक्ति सिंह गाढ़ा प्रदेश कांग्रेस कमेटी लीगल सैल के चेयरमैन नियुक्त, लोगों ने दी बधाई



**लोहारू।** लोहारू बार एसोसिएशन के सदस्य एडवोकेट शक्ति सिंह को गाढ़ा को हरियाणा कांग्रेस कमेटी द्वारा लीगल सेल का भिवानी जिले का चैयरमैन नियुक्त किया है। नियुक्ति के लिए शक्ति सिंह गाढ़ा ने सांसद दीपेंद्र हुड्डाए पूर्व विधायक चौण सोमवीर सिंहए हरियाणा लीगल सेल के प्रदेश चेयरमैन केसी भाटिया, हरियाणा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष दिवांशु बुद्धिराजा, सह प्रभारी अरुणा महाजन सहित पार्टी के शीर्ष पदाधिकारियों का आभार प्रकट किया है।एडवोकेट शक्ति सिंह ने कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी हैं, उसका वे बखूबी निर्वहन करेंगे। बता दें कि शक्ति सिंह इससे पहले लॉ कॉलेज देहरादून के छात्र संघ के प्रेसीडेंट, लोहारू युवा कांग्रेस के हलका अध्यक्ष, बार एसोसिएशन लोहारू के अध्यक्ष, हरियाणा विंग प्रेजिडेंट यूथ बार एसोसिएशन ऑफ इंडिया, महेन्द्रगढ़ जिला प्रभारी सहित अनेक पदों पर रह चुके हैं। एडवोकेट दरिया सिंह एडवोकेट, युवा जिला अध्यक्ष विकाश, पूर्व बार प्रधान एडवोकेट विनोद, पंकज एडवोकेट, राकेश ओबरा, रमन तंवर, पूर्व बार उप प्रधान राहुल शर्मा एडवोकेट, अमित शर्मा, अनिल भालोठिया, सुमित ढिल्लो,राजीव गौड़, राजीव दीक्षित, अमित सिंह, रमन मतानी, मनोज ठोलिया एडवोकेट, राजेश शर्मा एडवोकेट अमित सिंह, कविता आर्य एडवोकेट, रामनिवास सहित अनेक अधिवक्ताओं ने उन्हें बधाई दी है।

# शिकायतों पर तुरंत करें कार्यवाही: डीसी

- देरी के लिए संबंधित अधिकारी के खिलाफ होगा एक्शन : मनदीप कौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



**चरखी दादरी।** समाधान शिविर में समस्या सुनते डीसी मनदीप कौर।

सभी विभागों के अधिकारी समाधान शिविर में रखी जा रही प्रत्येक शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की देरी सहन नहीं की जाएगी और अगर ऐसा किया जाता है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को लिख दिया जाएगा। उपायुक्त मनदीप कौर ने समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनने के दौरान जिला के सभी अधिकारियों को यह निर्देश दिए हैं। उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर की शुरूआत के साथ सरकार ने लोगों की शिकायतों पर तत्परता से कार्यवाही के लिए ही यह पहल की है। ऐसे में सभी विभागों के अधिकारियों की जिम्मेदारी बनती है कि वे सभी शिकायतों पर गंभीरता के साथ कार्रवाई करके उनका समाधान करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान को लेकर देरी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर कोई अधिकारी शिकायतों पर कार्रवाई नहीं करता है तो उसके खिलाफ संबंधित विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को लिख दिया जाएगा।

## न्यूज डायरी

### दीपेंद्र हुडा ने बैठक में युवाओं के दिए चुनावी टिप्स



**भिवानी।** वीरवार को दिल्ली में हरियाणा यूथ कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में हरियाणा कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरीया व दीपेंद्र हुडा ने पदाधिकारियों को संबोधित किया। यह जानकारी देते हुए भिवानी जिलाध्यक्ष एडवोकेट विकास ने बताया की हरियाणा के आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की और पदाधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि आगामी 100 दिनों मे विधानसभा के चुनाव होने है। जिसमें सारे युवा साथी चुनाव मे लग जाए। लोकप्रिय सांसद दीपेंद्र हुड्डा देश में सर्वाधिक बेरोजगारी हरियाणा में क्यों। प्रदेश कार्यकारिणी बैठक में प्रस्ताव हुआ पास . युवा कांग्रेस का हर कार्यकर्ता इस सवाल को प्रदेश के प्रत्येक कोने तक लेकर जाएगा।

### रोड़वेज कर्मचारियों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**बाढ़ड़ा।** बाढ़ड़ा बस स्टैंड परिसर पर वीरवार को बस स्टैंड प्रभारी हरेंद्र सिंह की अगुवाई में पौधारोपण किया गया। रोड़वेजकर्मियों ने छायादार व फलदार पौधें लगाकर पर्यावरण सरंक्षण का संदेश दिया। इस दौरान हरेंद्र सिंह ने आमजन से इस मानसून सीजन कम से कम एक पौधा अपने घर या आसपास लगाने की अपील की। बस स्टैंड प्रभारी हरेंद्र सिंह की अगुवाई में बाढ़ड़ा बस स्टैंड पर आज जामुनए पपीताए अमरूदए नीम आदि फलदार व छायादार पौधे लगाए और वितरित किए गए। इस अवसर पर बस स्टैंड प्रभारी ने कहा बढ़ती आबादी के चलते आवासीय क्षेत्र बढ़ने से पेड़ों की अंधाधुंध कटाई हुई है। जिसके चलते प्रकृति का संतुलन गड़बड़ाता चला जा रहा है। यहीं कारण है कि हमें बीते दिनों भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते हमने सुध नहीं ली तो आने वाले समय में और भी विकट हालातों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रकृति का संतुलन बनाए रखने और इन सब से बचने का एक ही उपाय है कि अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण का संरक्षण किया जाए।

### जनकल्याणकारी नीतियों से करवाया अवगत

**भिवानी।** विशेष प्रचार अभियान की कड़ी में सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की भजन मंडलियां सरकार की योजनाओं के प्रचार के साथ.साथ पानी बचाने का भी संदेश दे रही हैं। भजन मंडली द्वारा क्षेत्र के गांव हसान व बुशान में भजनों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सन्दीप हुड्डा ने बताया कि विभाग के महानिदेशक मंदीप बराड़ के दिशा.निर्देशों अनुसार इस अभियान के तहत जिला के सभी गांवों को कवर करने का प्रयास किया जाएगा। अभियान के तहत जिले के लगभग सभी गावों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जन.कल्याणकारी नीतियों के बारे में बताया जा रहा है। इसके अलावा नागरिकों को सामाजिक बुराइयों के प्रति भी जागरूक करने का काम किया जा रहा है।

# विद्यार्थियों का दल मनाली के एडवेंचर शिविर के लिए रवाना

- 9 जुलाई तक मनाली की खूबसूरत वादियों में शिविर का लुफ्त उठाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू



**लोहारू।** मनाली कैंप के लिए विद्यार्थियों को रवाना करते बीईओ विजय प्रभा।

शिक्षा विभाग की योजना के तहत बुधवार को राजकीय मॉडल संस्कृति के 30 लोगों का दलमनाली में आयोजित होने वाले सात दिवसीय एडवेंचर शिविर में हिस्सा लेने के लिए रवाना हुए। विद्यार्थियों के दल को खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रभा ने शुभकामनाओं के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बीईओ विजय प्रभा ने बताया कि समर एडवेंचर शिविर के मनाली जाने वाले 30 लोगों के दल में 29 विद्यार्थी एक स्टाफ सदस्य शामिल है। जो 3 जुलाई से 9 जुलाई तक मनाली की खूबसूरत वादियों में शिविर का लुफ्त उठाएंगे।

विजय प्रभा ने कहा कि शिक्षा के साथ साथ इन गतिविधियों का जीवन में काफी महत्व है। उन्होंने बताया कि शिविर में बच्चे रिवर क्रॉसिंगए जिप लाइनए ट्रैकिंगए व्यक्तिगत विकासए सांस्कृतिक और अन्य कई तरह की गतिविधियों में शामिल होंगे। इस मौके पर डॉ. राजीव वत्स ने बताया कि बच्चों की सुरक्षा के लिए एस्कॉर्ट टीचर के रूप में कमल शर्मा का चयन किया गया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रवक्ता दिनेश खेतान, उमेद सिंह, सुनील कुमार व विद्यार्थी मौजूद थे।

### प्लास्टिक पर्यावरण का दुश्मन, ना कहें : बंसल



लोगों को जूट के बैग वितरित करते रमेश बंसल।

भिवानी। प्लास्टिक पर्यावरण का दुश्मन है और हमें सच्चे दिल से प्लास्टिक को ना कहनी चाहिए। यह बात अणुव्रत समिति के अध्यक्ष रमेश बंसल ने इन्टरनेशनल प्लास्टिक बैग फ्री डे पर घन्टाघर रोड पर जूट के बैग वितरित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक बैग वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण फैलाने के साथ कैंसर तक का जनक है।उन्होंने कहा कि पॉलीथीन की थैलियों में खाद्य पदार्थों के अवशेष कूड़े के ढेर पर फेंक दिये जाते है जिन्हें गोवंश खा लेता है और उस प्लास्टिक के कारण गोवंश को कैंसर जैसी बीमारियां हो जाती है। उन्होंने कहा कि अणुव्रत में पर्यावरण संरक्षण पर विशेष बल दिया है। हम सबकी जिम्मेवारी बनती है कि पर्यावरण को बचाने के लिए पॉलीथीन की थैलियों को ना कहें और घर से कपड़े या जूट का थैला लेकर शॉपिंग करने जाएं। इस अवसर पर दिनेश गोयल, पवन मित्तल, मनीष देवसर व अतुल मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** हर्ष बराड़ ने अंतरराष्ट्रीय प्रोफेशनल मुक्केबाजी में जीता स्वर्ण पदक व ब्लैक बेल्ट

# प्रोफेशनल मुक्केबाजी में छाने लगे मिनी क्यूबा के मुक्केबाज

- पदक विजेता हर्ष का गांव में पहुंचने पर खेलप्रेमियों ने किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



अंतरराष्ट्रीय प्रोफेशनल मुक्केबाजी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक लेकर लौटने पर हर्ष बराड़ का स्वागत करते खेलप्रेमी।

मिनी क्यूबा के नाम से मशहूर भिवानी के मुक्केबाज अब प्रोफेशनल मुक्केबाजी में भी अपना दमखम दिखाने में भी पीछे नहीं है तथा विभिन्न राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर खेल नगरी भिवानी के साथ-साथ भारत का नाम भी विश्व स्तर पर चमका रहे है। इसी कड़ी में 29 व 30 जून को दिल्ली के शाहपुरजट में हुई अंतर्राष्ट्रीय प्रोफेशनल मुक्केबाजी प्रतियोगिता में गांव ढ़ाणा लाडनपुर निवासी हर्ष बराड़ ने स्वर्ण पदक सहित ब्लैक बेल्ट हासिल कर भिवानी को एक बार फिर से गौरवांवित करने का काम किया है।

**शुभम ने जीता सिल्वर मेडल**

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में शुभम ने भी सिल्वर पदक हासिल किया है। खिलाड़ी हर्ष ने बताया कि उनकी अगली प्रतियोगिता 21 जुलाई को श्रीलंका में होगी, वे इसके लिए कड़ा अभ्यास कर रहे है तथा उन्हें पूरी उम्मीद है कि वे इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन करेंगे।

खेलप्रेमियों ने पदक विजेता खिलाड़ी हर्ष बराड़ का भिवानी पहुंचने पर भव्य स्वागत किया। खेल प्रेमियों ने रंग-गुलाल उड़ाकर हर्ष का स्वागत किया। हर्ष बराड़ के कोच दीपक मोर ने बताया कि हर्ष होनहार खिलाड़ी है, जो पिछले 8 वर्षो से मुक्केबाजी का अभ्यास कर रहे है। हर्ष अब तक विभिन्न प्रतियोगिताओं में 58 पदक जीत चुके है, जिनमें से 8 प्रोफेशनल मुक्केबाजी में हासिल किए है। उन्हें बहुत खुशी है कि उनके शिष्य ने एक बार फिर से देशभर के खेल प्रेमियों का मान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया है। हर्ष ने कहा कि उन्होंने स्वर्ण पदक व ब्लैक बेल्ट हासिल की है, जो उनके दादा श्योकरण बराड़, पिता घनश्यामदास, माता सरोज देवी सहित परिजनों, कोच दीपक मोर व अमन दिलावर के उत्साहवर्धन व प्रोत्साहन की बदौलत ही संभव हो पाया है।

सम्मान समारोह में सरपंच अधिवक्ता विजेंद्र सिंह, रवि बॉक्सर, विशंबर, किरोड़ी बराड़, राजू, पुनीत बराड़, अभिषेक मैनेजर, सुभाष, दिलबाग, धर्मबीर, सुंदर, अनुप बराड़, मनोज, मोहित बराड़ आदि मौजूद रहे।

### दुर्दिनों के दौर से गुजर रहा कस्बे का तीर्थ तालाब



**बवानीखेड़ा।** नाम बड़ा और दर्शन छोटे की लोकोक्ती सही मायने कस्बा तीर्थ तालाब चरितार्थ करता है, जिसे लोग तीर्थ नाम से पुकारते है और यह हरियाणा के 108 प्रसिद्ध तीर्थों में से एक माना जाता है, पर इसके तट पर कोई आदमी दस मिनट भी खड़ा नहीं हो सकता,क्योंकि 24 घंटे इसमें दुर्गन्ध व बदबू आती रहती है। जिसको लेकर कस्बा के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने शासन व प्रशासन तथा नगरपालिका से इसके सुधार की मांग प्रदर्शन कर की है। हरियाणा जागृति मोर्चा के अध्यक्ष एडवोकेट राजेश सिंधू, समाजसेवी हनुमान पाराशर, बाली प्रजापत ठेकेदार व महेन्द्र गवखड़, पार्षद अजय वाल्मीकि, अशोक मुन्ढाड़ा, नरेन्द्र सचदेवा, मनफूल यादव राजेश पाराशर ने बताया कि वार्ड संख्या तीन में स्थित तीर्थ तालाब कई एकड़ पर था, जो समय बीतने के साथ घटता गया और जिसमें प्राचीन काल में कांच की पौड़ी बताये जाने वाला यह तालाब अपनी पहचान गवा चूका है, जिसे लोगों ने कुड़ा डाले का जाने का स्थान बना लिया है। उन्होंने कहा कि शासन व प्रशासन इसके लिए बेसुध है, सिर्फ नपा तीन या पांच साल मछलियों का बीज डालने के लिए ठेके पर बोली देने व लाखो रुपये कमाने के लिए इसको याद किया जाता है और जब से नगरपालिका बनी है उस समय से आज तक एक भी पैसा विकास के नाम पर इस पर खर्च नहीं किया गया है।

## खबर संक्षेप



भिवानी। धरने के दौरान नारेबाजी करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### कार्यकारी अभियंता अपनी हठधर्मी पर अड़ेः श्रीभगवान

**भिवानी।** लंबित मांगों व समस्याओं के लिए हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन सम्बन्धित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ का अनिश्चितकालीन धरना गुरुवार को नौवें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता शहरी ब्रांच के प्रधान जयकिशन शर्मा ने की। धरने का संचालन शहरी ब्रांच के सचिव विजेन्द्र परमार ने किया। धरने में विशेष रूप से राज्य कोषाध्यक्ष श्रीभगवान अहलावत, राज्य मुख्य सलाहाकार सज्जन भारद्वाज व राज्य कार्यालय सचिव राजकुमार सेन उपस्थित रहे।



### स्वतंत्रता सेनानी बालमुकुंद बिस्सा को किया नमन

**भिवानी।** आजादी की लड़ाई में बालमुकुंद बिस्सा ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बढ़ते आंदोलन को दबाने के लिए अंग्रेज सरकार ने 9 जून 1942 को भारत रक्षा कानून के तहत जेल में डाल दिया। वे लंबे समय तक जोधपुर की जेल में बंद रहे। यह बात स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी कल्याण संगठन के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्रपाल यादव ने उनके शहीदी दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कही।

### सीबीएलयू में क्षमता निर्माण पर कार्यशाला

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानंद व्यक्तित्व विकास केंद्र के तत्वाधान में गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के लिए क्षमता निर्माण पर सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कुलपति प्रो. दीप्ति धर्माणी की अगुवाई एवं कुलसचिव डॉ. ऋतु सिंह और डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो डीके मदान के मार्गदर्शन में किया गया।

ओवरलोडिंग बंद करने की मांग

# डंपर चालक व मालिकों ने कांटे रखे बंद, आंदोलन की चेतावनी



भिवानी। ओवरलोडिंग बंद करने के विरोध में नोरबाजी करते डंपर चालक व मालिक। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

खानक पहाड़ में ओवरलोड डंपर चलाए जाने के विरोध में डंपर चालक व मालिकों ने दूसरे दिन भी खानक पहाड़ में कांटों को बंद रखा और चालकों ने जमकर नारेबाजी कर ओवरलोडिंग बंद करने की मांग की। चालकों ने चेतावनी दी कि समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन में तेजी लाई जाएगी। चालक व गाड़ी मालिकों की मानें तो बार-बार मुद्दा उठाने के बावजूद अब भी क्षमता से ज्यादा डाला जा रहा है। गाड़ी मालिक व ड्राइवरों का कहना है कि एक तरफ सरकार ओवरलोड को बंद कर रही है, वहीं खानक पहाड़ में ओवरलोड की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

चालकों का कहना है कि सरकारी एजेंसी एचएसआईआईडीसी की ओर से खानक पहाड़ में खनन कार्य किया जा रहा है। अगर ओवरलोड डंपर चलेंगे तो उनकी जान माल को खतरा होगा। ओवरलोड डंपर चलने से राहगीरों व ग्रामीणों को काफी समस्या होगी। गाड़ी मालिक व ड्राइवरों ने इसके विरोध में बुधवार को बैठक की। उन्होंने ओवरलोड बंद नहीं होने पर धरने की चेतावनी दी। पवन ने बताया कि ओवरलोड से जान-माल का खतरा बना रहता है। बार-बार मुद्दा उठाने के बाद भी कंपनी बाज नहीं आ रही।



भिवानी। समस्याओं को लेकर एकत्रित क्रेशर मालिक। फोटो :हरिभूमि

### अपनी समस्याओं को लेकर क्रेशर मालिक मुख्यमंत्री से मिले, समाधान करवाने का मिला आश्वासन

**तोशाम।** गांव खानक स्थित खानक-डाडम क्रेशर संगठन के कार्यालय में संगठन के पदाधिकारी की बैठक हुई। बैठक के दौरान खानक माइंस में क्रेशरों की गाड़ियों में बड़ा पत्थर व ज्यादा मिट्टी डालने की समस्या पर विचार-विमर्श करने के बाद खानक स्थित एचएसआईआईडीसी कार्यालय में अधिकारियों से मुलाकात की, लेकिन कोई संतोषजनक आश्वासन नहीं मिला। तत्पश्चात क्रेशर मालिक चंडीगढ़ मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिले, जहां मुख्यमंत्री ने उनकी समस्या का समाधान करवाने का आश्वासन दिया। इससे पहले एचएसआईआईडीसी कार्यालय में पहुंचकर क्रेशर संगठन के पदाधिकारियों ने प्रोजेक्ट मैनेजर विकास गुप्ता व अन्य अधिकारियों को अपनी समस्या के बारे अवगत करवाया तथा उन्हें बताया कि गाड़ियों में खराब माल क्रेशर मालिकों को परेशान कर कमीशन लेने के लिए डाला जा रहा है। उन्होंने मांग की कि खराब माल को तुरंत बंद करवाया जाए तथा साफ माल लोड करवाया जाए, जिससे आमजन को अच्छी क्वालिटी की निर्माण सामग्री मिल सके। एचएसआईआईडीसी के अधिकारियों ने कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया, जिस पर क्रेशर संगठन के पदाधिकारी संतुष्ट नहीं हुए।



भिवानी। एचडी स्कूल की छात्राओं के साथ जिया दलाल। फोटो : हरिभूमि

## अमेरिका से आई जिया दलाल ने किया एचडी स्कूल का भ्रमण

- बेटियों को चूल्हे-चौके तक सीमित न रखें बल्कि पढ़ने और खेलने के अवसर प्रदान करें : जिया दलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

अमेरिका में जन्मी, पली और पढ़ी मातन गांव निवासी जिया दलाल ने एचडी पब्लिक स्कूल बिरोहड़ का भ्रमण किया और बच्चों से अपने अनुभव साझा किए। जिया पूर्व विधायक डॉ. विरेन्द्र पाल अहलावत की दोहती है। उसके माता-पिता की जिया इंजीनियर हैं।

जिया ने विद्यालय के परीक्षा परिणाम की प्रशंसा करते हुए छात्राओं से कहा कि वे अपने अध्यापकों के मार्गदर्शन में कठिन मेहनत कर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्षम हैं। उन्होंने बताया कि आज अमेरिका जैसे विकसित देशों में भी हरियाणा की धाकड़ छोरियों का जिक्र किया जाता है। उन्होंने कहा कि वो खुद भी अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में अध्यनरत हैं और परिवार सहित वहीं रहती हैं। उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे अपनी बेटियों को चूल्हे-चौके तक सीमित न रखें बल्कि पढ़ने और खेलने के अवसर प्रदान करें। उन्होंने कहा कि मुझे यहां आकर अपनापन महसूस होता है और बड़ी खुशी मिलती है। उन्होंने नर्सरी कक्षा और बड़ी कक्षा की बेटियों के साथ अपनी फोटो भी खिंचवाए। 12वीं टॉपर बालिकाओं अंजलि और नेहा की प्रशंसा करते हुए कहा कि माता-पिता ने आपको जो सुविधाएं प्रदान की हैं और आपके विद्यालय की पढ़ाई का जो स्तर है, वह काबिले तारीफ है। आप सबसे यही कहना चाहूंगी कि तनाव मुक्त होकर अपना बचपन इंजॉय करें। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक बलराज फौगाट ने प्राचार्या अनीता फौगाट, जिया दलाल व उनके साथ आए मेहमानों का भी स्वागत किया।

## खंड को विकसित व समृद्ध करने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

बाढ़ड़ा खंड कार्यालय में वीरवार को नीति आयोग के सौजन्य से आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्त्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न अधिकारियों के अलावा कर्मचारियों व स्कूली बच्चों ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं से अवगत करवाया गया और जिन मानकों में खंड पिछड़ रहा है उन्हें पूरा कर खंड को विकसित व समृद्ध करने का संकल्प लिया गया।

बता दें कि नीति आयोग के सौजन्य आयोजित इस कार्यक्त्रम में चरखी दादरी जिला परिषद के सीईओ प्रदीप कौशिक,नीति आयोग से मणि प्रकाश, बाढ़डा खंड शिक्षा अधिकारी जलकरण सिंह, बाढ़डा बीडीपीओ व स्कूली अध्यापकों व बच्चों ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद सीईओ प्रदीप कौशिक ने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित करीब 40 मानकों में से पिछड़ने वाले खंडों को इस सूचि में शामिल कर वहां आकांक्षी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। देश के 512 खंड इस सूची में शामिल है और इसी कड़ी में बाढ़ड़ा भी 6 मानकों पर पिछड़ा होने के कारण इस सूची में शामिल है। जिसके चलते बाढ़ड़ा खंड में इस कार्यक्रम की शुरूआत की गई है जो 30 सितंबर 2024 तक चलेगा। इस दौरान मौजूद स्कूली बच्चों ने कार्य्रकम से संबंधित पोस्टर,बैनर आदि बनाकर खंड को विकसित बनाने का संदेश दिया।

## सर्वजातीय महापंचायत होगी ऐतिहासिकः कमल

- 14 को देवराला में होने वाली सर्वजातीय पंचायत में प्रतिनिधि का नाम तय कर कांग्रेस हाइकमान को सूचित करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम



तोशाम। जनसम्पर्क अभियान के दौरान लोगों से बातचीत करते हुए।

तोशाम हल्के की जनता 2024 के विधानसभा चुनाव में किसी बाहरी व्यक्ति की बजाय अपने बीच से ही हल्के के किसी ईमानदार मजबूत व जनता के बीच रहने वाले व्यक्ति को जन प्रतिनिधि के रूप में देखना पसंद करेगी। चूंकि भाजपा को जनता सिरे से नकार चुकी है तो अब 14 जुलाई को देवराला में होने वाली सर्वजातीय महापंचायत में सर्वसम्मति से किसी एक प्रतिनिधि का नाम तय कर कांग्रेस हाइकमान को सूचित किया जाएगा। यह महापंचायत ऐतिहासिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण होगी। उक्त शब्द युवा कल्याण संगठन के संरक्षक और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कमल सिंह प्रधान ने वीरवार को तोशाम हल्के के विभिन्न गांवों के दौरे के दौरान कहे। कमल सिंह प्रधान ने कहा कि अगर मौजूदा सरकार से कोई खुश है तो वह स्वयं सरकार ही है। कोई भी वर्ग ऐसा नहीं है जिसे भाजपा सरकार ने पीड़ित ना किया हो। फिर चाहे वह किसान हों, विद्यार्थी हों, व्यापारी हों या अन्य वर्ग हों। बता दें कि कमल सिंह प्रधान इन दिनों तोशाम हल्के के विभिन्न गांवों का दौरा कर रहे हैं और 8 जुलाई को भिवानी में आयोजित होने वाले कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए डोर टू डोर प्रचार कर निमंत्रण दे रहे हैं। इसके अलावा 14 जुलाई को देवराला में होने वाली सर्वजातीय महापंचायत का निमंत्रण भी कमल प्रधान हर गांव के हर नागरिक को दे रहे हैं। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कमल सिंह प्रधान ने वीरवार को तोशाम हल्के के लोहानी,चैनपुरा, असलवास, लहलाना, भाखड़ा, गोलपुरा, नंगला, खैरपुरा, आजाद नगर, पात्थरवाली, गोलागढ़ सहित दर्जनों गांवों का दौरा कर हल्के की जनता को जागरूक करते हुए आने वाले विधानसभा चुनावों में छलकपट करने वाले नेताओं से स्टार्क रहने की अपील की। इस अवसर पर राजवीर गोलागढ़, विजयपाल गोलागढ, बलबीर बजाड़, मोनू यादव ढाणी शंकर, सरजीत बीडीसी मेंबर, प्रदीप तंवर भानगढ़, सुरेंद्र यादव भानगढ़, जिलेसिंह नंगला, दिनेश लोहानी, विजय शर्मा, नरेश सरपंच आसलवास, मनोज शर्मा लोहानी आदि मौजूद रहे।

### कन्या महाविद्यालय में कानून जागरूकता शिविर आयोजित

**लोहारू।** राजकीय कन्या महाविद्यालय में उच्चतर शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार कानूनी प्रकोष्ठ के तत्वाधान में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य विचित्र सिंह ने की। प्राचार्य ने छात्राओं को नए अपराधिक कानून के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई 2024 से देश भर में तीन नए अपराधिक कानून .भारतीय दंड संहिता 1860 की जगह भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 तीन कानून लागू किए गए हैं। उन्होंने बताया किसी की शिकायत मिलने पर एफआईआर दर्ज करने, जांच पूरी करने, अदालत के संज्ञान लेनेदस्तावेज दाखिल करने और फैसला सुनाने की समय सीमा तय रहेगी।

### एसडीएम ने समाधान शिविर में सुनी जनसमस्याएं,समाधान के दिए निर्देश

**लोहारू।** एसडीएम अमित कुमार ने बुधवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में सुबह 9 बजे 11 बजे तक समाधान शिविर लगाकर नागरिकों की समस्याएं सुनी। एसडीएम ने समस्याओं से संबंधित विभागों के अधिकारियों को जनसमस्याओं का निवारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनता से सीधे रूप से जुड़े विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नागरिकों की समस्याओं के समाधान के प्रति पूरी तरह से संवेदनशील होकर कार्य करें। समाधान शिविर में विशेषतौर पर फैमिली आईडी में आय ठीक करवाने, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, विदुर पेंशन, दिव्यांग पेंशन, जमीनी विवाद, पारिवारिक विवाद, सरकार की योजनाओं के लाभ लेने, आयुष्मान कार्ड, नया पहचान पत्र बनवाने, बिजली, पानी, पीपीपी में त्रुटियों को दुरुस्त करने सहित विभिन्न प्रकार की समस्याएं गंभीरता से सुनी जा रही हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## समस्याओं को लेकर ठेकेदारों ने दिया धरना

- बकाया पेमेंट व अन्य समस्याओं का समाधान करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी




चरखी दादरी। जनस्वास्थ्य विभाग कार्यालय के सामने धरना देते ठेकेदार।

जनस्वास्थ्य विभाग में ठेकेदारों ने बकाया पेमेंट व अन्य समस्याओं को लेकर अभियंता के कार्यालय समक्ष यूनियन जिला प्रधान व पूर्व चेयरमैन प्रीतम बलाली के नेतृत्व में धरना दिया। धरने की अध्यक्षता कुलबीर ठेकेदार ने की। धरने पर जिले भर से आए हुए ठेकेदारों द्वारा अपनी मांगों को लेकर जमकर आक्रोश प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान नारेबाजी कर गुस्से का इजहार सभी ने किया। ठेकेदारों ने मेंटिनेंस एस्टीमेट व इनकी पेमेंट को लेकर ठेकेदार विभाग व सरकार की कार्यप्रणाली से नाखुश नजर आए जिस प्रकार से सालाना यह कार्यप्रणाली चलती है उसमें देरी व लापरवाही को लेकर उन्होंने अपने गुस्से का इजहार किया। यू नि य न जिला प्रधान व पूर्व चेयरमैन प्रीतम बलाली ने बताया कि इस मद में कई करोड़ की पेमेंट पिछले दो सालों से अटकी पडी है। सालाना किए जाने वाले कामों को लेकर ठेकेदार तो अपने काम में कभी पीछे नहीं हटते लेकिन विभाग व आला अधिकारी जिस प्रकार से पूरे मामले में सुस्ती व लापरवाही बरत रहे है वो सहन नहीं किया जा सकता है। इसमें अगर शहरी क्षेत्र की बात की जाए तो करीबन साढे 8 करोड़ की पेमेंट अभी तक बकाया है। इसी प्रकार ग्रामीण इलाकों में भी पिछले दो सालों से किए गए कामों की करोड़ों रूपए अभी तक विभाग की तरफ बकाया है। यह भी करीबन साढे नौ करोड़ की राशि बनती है। इस प्रकार पिछले दो सालों से बडी राशी विभाग ने रोक के रखी हुई है जिसके चलते ठेकेदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। काम बंद होने से परेशानियों की जिम्मेदार प्रशासन व सरकार होगी अब बारिश का मौसम आ चुका है, ऐसे में काम को बंद होने से आमजन को होने वाली परेशानियों की पूरे जिम्मेदारी सरकार व आला अधिकारियों की होगी। इस अवसर पर जोगेंद्र मकडाना, चरणसिंह व संजय बिरहीकलां, सतीश, नसीब व सुखबीर घसौला, अमरजीत पातुवास, राजेंद्र सिंह फतेहगढ, राजेश बधवाना, सुनील गौरिया, महेंद्र दादरी, कृष्ण कलियाणा, संदीप माई खुर्द, राजेंद्र माई कलां, सोनू लाड, प्रमोद भिवानी, नरेंद्र दूधवा, अमित व रामबिलास पातुवास आदि मौजूद रहे।

## चुनाव से पहले करें अनुबंधित विद्युत कर्मियों की मांगों को करें पूराः संदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। लंबित मांगों को ज्ञापन सौंपते अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ के सदस्य।

अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ ने अपनी मांगों को लेकर संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष संदीप बागनवाला की अध्यक्षता में उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से मांग की कि 21 जुलाई को पत्र के माध्यम से अनुबंधित कर्मचारियों के लिए रेगुलाइजेशन पॉलिशी बनाई जाए, एचपीजीसीएल के समझौते को लागू किया जाए, एचकेआरएन के रेट में 30 प्रतिशत बढ़ोतरी की जाए, अनुबंधित कर्मचारियों को कैशलैस पॉलिसी में शामिल करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि अनुबंधित कर्मचारियों को एलटीसी और बोनस का लाभ दिया जाए, समान काम समान वेतन दिया जाए तथा सभी कर्मचारियों का डाटा एचआरएमएस में अपलोड करवाया जाए, 15-20 वर्ष से कार्य कर रहे अनुबंधित कर्मचारियों के पदों को भरा हुआ माना जाए, सेवानिवृत होने पर ग्रेजुएटी व प्रोत्साहन राशि दी जाए, चिरायु योजना की एकमुश्त राशि नवंबर 2023 में वेतन से कटने के बाद दिए जाने वाले कार्ड देने आदि की मांगों से अवगत करवाया जा चुका है।

### एडीसी ने शिविर में 22 शिकायतें सुनीं

**भिवानी।** एडीसी हर्षित कुमार ने लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निपटान बारे निर्देश दिए। समाधान शिविर में एडीसी ने नागरिकों की 22 समस्याएं सुनी और मौके पर ही 21 का निपटारा किया। एडीसी हर्षित कुमार ने कहा कि सरकार ने जनता की समस्याओं का समाधान करने की दिशा में शिविरों का आयोजन करने का महत्वपूर्ण कदम उठाया है। प्रत्येक कार्य दिवस को जिला स्तर पर लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में व उपमंडल में उपमंडलाधीश कार्यालय में सुबह 9 से 11 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। एडीसी ने शिविर में लोगों की प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतें थी।

कार्यक्रम | अब घर-घर जाकर सुकन्या व पीपीएफ खाते खोलेगा डाक विभाग

## खाते खोलने को लेकर 31 तक गांवों में लगाए जाएंगे जागरूकता कैंपः संजय

गांव के शाखा डाकपाल घर-घर जाकर खोलेंगे सुकन्या स्कीम के खाते: डाक अधीक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सरकार के निर्देशानुसार डाकघर विभाग ने सुकन्या व पीपीएफ खाते खोलने के लिए विशेष योजना तैयार की है, जिसके तहत डाकघर के कर्मचारी अब घर-घर जाकर सुकन्या व पीपीएफ के तहत धारकों के खाते खोलेंगे।

इसके लिए अधिकारियों व कर्मचारियों की विशेष ड्यूटी भी निर्धारित की गई है। डाक अधीक्षक संजय कुमार ने बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 0 से 10 वर्ष की बेटियों के खाते खोले जाते है।



डाक अधीक्षक संजय कुमार।

इसके अलावा आमजन के लिए पीपीएफ खाते खोले जाते है, जिसमें प्रति माह के अनुसार कुछ राशि जमा करवाई जाती है, ताकि भविष्य में वह राशि एकमुश्म खाताधारक को मुहैया करवाई जा सकें। डाक अधीक्षक ने बताया कि भिवानी मंडल के तहत आने वाले भिवानी व दादरी जिला में करीबन डेढ़ लाख कन्याएं है, लेकिन अभी तक सिर्फ 60 हजार खाते ही सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खुले है। जागरूकता के अभाव में लोग योजना के तहत खाते नहीं खुलवा रहे है।

**कम से कम 250 रुपये में खोला जा**

डाक अधीक्षक संजय कुमार ने बताया कि गांव के शाखा डाकपाल घर-घर जाकर सुकन्या स्कीम के तहत खाते खोलेंगे तथा उन्हें योजना की जानकारी देंगे। इसके अलावा गांव-गांव में जागरूकता कैंप भी लगाए जाएंगे, ताकि जल्द अभियान को सफल बनाया जा सकें। उन्होंने बताया कि ये खाता कम से कम 250 रुपये में खोला जा सकता है, जिसमें एक वर्ष में अधिक से अधिक एक लाख 50 हजार रुपये जमा करवाए जा सकें। ये खाता खोलने के लिए बेटी का जन्म प्रमाण पत्र, माता या पिता का फोटो, माता या पिता की आईडी कार्ड/फॉर्म 60 व माता या पिता का एड्रैस प्रूफ चाहिए।

### टोल फ्री नंबर जारी

उन्होंने बताया कि खाते खुलवाने के लिए एक से 31 जुलाई तक अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें एक टोल फ्री नंबर-8607889088 भी जारी किया है, जिस पर सुबह 9 से 5 बजे तक फोन कर जानकारी हासिल की जा सकती है।